https://www.amarujala.com/delhi-ncr/noida/aqua-line-fast-metro-will-not-stop-in-10-station-at-peak-hour-noida-news-noi5633979157

# पीक आवर में 10 स्टेशनों पर नहीं रुकेगी मेट्रो

नोएडा ब्यूरो

Updated Wed, 03 Feb 2021 12:08 AM IST

पढ़ें अमर उजाला ई-पेपर
कहीं भी, कभी भी।
*Yearly subscription for just ₹299 Limited Period Offer. HURRY UP!

Read Now

## एक्वा लाइन: पीक आवर में 10 स्टेशनों पर नहीं रुकेगी फास्ट मेट्रो ट्रेनें

नोएडा। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएमआरसी) ने इस माह से फास्ट मेट्रो ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। ये मेट्रो पीक ऑवर में 10 स्टेशनों पर नहीं रुकेगी। इस वजह से यात्रियों के नौ मिनट बचेंगे और वह समय से पहले गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। फास्ट मेट्रो ट्रेनें सोमवार से शुक्रवार की अवधि में चलाने का फैसला किया गया है।

एनएमआरसी की एमडी रितु माहेश्वरी ने बताया कि पीक ऑवर में सुबह आठ बजे से 11 बजे तक और शाम पांच बजे से आठ बजे तक फास्ट मेट्रो ट्रेनें चलाई जाएंगी। यह सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से मेट्रो डिपो तक जाएंगी। कुल 21 स्टेशनों में से 10 स्टेशनों पर ट्रेनें नहीं रुकेंगी, जिन स्टेशनों पर इनको नहीं रोकने का फैसला किया गया है, उनमें सेक्टर-50, 101, 81, 83, 143, 144, 145, 146, 147 और सेक्टर-148 मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। यहां अभी काफी कम संख्या में यात्री मिल रहे हैं।

अभी सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से मेट्रो डिपो तक आने-जाने में औसत समय 45 मिनट 43 सेकेंड लगता है, जो घटकर 36 मिनट 9 सेकेंड हो जाएगा। इसी तरह सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से परी चौक जाने में 37 मिनट का समय लगता है, जो कि 28 मिनट 30 सेकेंड हो जाएगा। सोमवार से शुक्रवार तक पीक आवर में मेट्रो की फ्रीक्वेंसी 7.5 मिनट और नॉन पीक आवर में 10 मिनट होगी। शनिवार और रविवार को यह फ्रीक्वेंसी 15 मिनट की होगी।

Download Amar Ujala App for Breaking News in Hindi & Live Updates.
https://www.amarujala.com/channels/downloads?tm_source=text_share